भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 324**
बुधवार, 6 दिसंबर, 2023/15 अग्रहायण, 1945 (शक) को उत्तरार्थ

**सहकारी विश्वविद्यालय**

324 **श्रीमती सुलता देव:**
**श्री निरंजन बिशी**:

क्या **सहकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश के सबसे बड़े सहकारी विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य किस साल और महीने तक पूरा हो जाएगा और यह कार्य करना शुरू कर देगा;

(ख) विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए उपयोग किए जाने वाले आबंटित बजट और निधियन स्रोतों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद और अधिक लोगों को इसमें शामिल होने के लिए आकर्षित करने के उद्देश्य से कोई जागरूकता अभियान और योजना प्रारंभ करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सहकारिता मंत्री

(श्री अमित शाह)

(क) से (ग): सहकारिता के क्षेत्र में तकनीकी और प्रबंधन सम्बन्धी शिक्षा व प्रशिक्षण प्रदान करने, सहकारी अनुसंधान और विकास को प्रोत्साहित करने तथा संबद्ध संस्थानों के नेटवर्क के माध्यम से देश में सहकारी आंदोलन को सशक्त करने के लिए सहकारिता मंत्रालय एक राष्ट्र-स्तरीय सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना के प्रस्ताव पर कार्य कर रहा है ।

उपर्युक्त उद्देश्य की प्राप्ति के लिए केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों, राज्य सरकारों, राष्ट्रीय सहकारी समितियों/संघों, सहकारी शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों, इत्यादि सहित विभिन्न हितधारकों के साथ गहन परामर्श किए गए जिससे कि प्रस्तावित विश्वविद्यालय की रूपरेखा विकसित की जा सके ।

प्रस्तावित विश्वविद्यालय द्वारा संभावित रूप से सहकारी क्षेत्र के साथ समन्वयपूर्वक कार्य किया जाएगा और सहकारी क्षेत्र में प्रशिक्षित श्रमबल की स्थायी, पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यह एक व्यापक, समेकित और मानकीकृत संरचना होगा जिससे कि मंत्रालय द्वारा किए गए विभिन्न पहलों का सफल कार्यान्वयन हो सकेगा । यह विश्वविद्यालय अपने प्रचालनात्मक संबंधी व्यय के वहन में आत्म-निर्भर बनने का प्रयास करेगा ।

*****